बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड,
महेश भवन, पूर्वी गॉधी मैदान, पटना–4

पत्रांक– 1143 पटना, दिनांक– 11/03/23

प्रेषक :

दिलीप कुमार
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

सेवा में,

....
सूची के अनुसार
....

विषय :– बिहार उत्सव, आई.एन.ए. दिल्ली हाट, नई दिल्ली में दिनांक–16.03.2023 से 31.03.2023 तक आयोजित मेला हेतु स्टॉल आवंटन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि बिहार उत्सव, आई.एन.ए. दिल्ली हाट, नई दिल्ली दिनांक–16.03.2023 से 31.03.2023 तक आयोजित मेला में एक स्टॉल का आवंटन निम्नांकित शर्त्तों पर किया जा रहा है –

1. आप को सूचित करना है कि आपके आवेदन का चयन बिहार उत्सव, आई.एन.ए. दिल्ली हाट, नई दिल्ली के लिए हुआ है। इस मेला में भाग लेने की सूचना एवं स्टॉल सामग्री के साथ दिनांक–15.03.2023 के 4.00 बजे तक मेला स्थित कैम्प कार्यालय को देंगे। भाग न लेने एवं सूचना न देने की स्थिति में आपको भविष्य में किसी मेले में भाग लेने हेतु अवसर नहीं प्रदान किया जायेगा।
2. बिक्री/प्रदर्शनी हेतु उत्पादित सामग्री उत्कृष्ट कोटि एवं बिहार राज्य के अन्तर्गत निर्मित होनी चाहिए।
3. मेला अवधि सामान्यतः 11.00 बजे से सायं 8.30 बजे तक निर्धारित है। स्टॉल हर हाल में दिनांक–16.03.2023 को 10.30 बजे तक प्रदर्शनी/बिक्री हेतु पूरी तरह तैयार होनी चाहिए।
4. स्टॉलधारकों को खादी बोर्ड द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में अथवा मेला प्रभारी द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
5. स्टॉलधारकों का अपने स्टॉल के आस–पास के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। अपने समान की सुरक्षा की जिम्मेवारी भी उन पर होगी।
6. बिक्री करने वाले स्टॉलधारकों को बिक्री की मनी रसीद बिक्रेता को देनी होगी।
7. स्टॉलधारक अपने–अपने स्टॉल का बैनर उचित आकार में स्वयं तैयार कर प्रदर्शित करेंगे।

विश्वासभाजन

11/03/23
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी